# University in News on 12 October 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# बीएससी मैथ्स और बायो का सीट अलॉटमेंट जारी

### 14 तक फीस जमा कर कन्फर्म कर सकेंगे सीट, बीए के छात्र आज फीस जमाकर लॉक करें सीट

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को बीएससी मैथ्स व बायो (चार वर्षीय एनईपी) का सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया। ऑनलाइन काउंसिलिंग में भरी गई चॉइस का रिजल्ट मेरिट जारी कर छात्रों लॉगइन पर उपलब्ध करा दिया गया है। छात्र 14 अक्तूबर तक सीट कंफर्मेशन शुल्क जमाकर अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड व सीट भी लॉक कर सकते हैं।



लविवि ने 25 सितंबर को बीए चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी मैथ्स-बायो की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी कर विद्यार्थियों को पहले 26 से 29 सितंबर तक चॉइस भरने का अवसर दिया था, लेकिन तकनीकी परेशानियों के चलते इसे 2 अक्तूबर तक बढ़ा दिया था। एक सप्ताह बीतने के बाद 8 अक्तूबर को बीए का सीट अलॉटमेंट जारी किया गया। अब सोमवार को बीएससी मैथ्स व बायो का सीट अलॉटमेंट जारी किया गया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आईडी से अपने अलाटमेंट की जानकारी ले सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस 14 अक्तूबर तक जमा कर दें। यदि सीट अपग्रेडेशन चाहते हैं तो सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करने के साथ अपग्रेड का चयन करें। अभ्यर्थी इससे पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर संबंधित निर्देश अवश्य पढ़ लें। उन्होंने बताया कि बीए के अभ्यर्थी भी 12 अक्तूबर तक फीस जमाकर अपनी सीट लॉक कर सकते हैं। इसकी आखिरी तिथि आज समाप्त हो रही थी। इसी क्रम में फुल टाइम पीएचडी के जिन विषयों के परीक्षा परिणाम जारी किए जा चुके हैं उनके विद्यार्थी 15 अक्तूबर तक फीस जमाकर अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं।

### विलंब शुल्क के साथ 18 तक भर सकते हैं परीक्षा फॉर्म

लविवि में यूजी, पीजी, डिप्लोमा आदि की मई-जून सेमेस्टर परीक्षा व प्रोन्नत होने वाले छात्र 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 18 अक्तूबर तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। नियमित छात्रों को अलग से कोई शुल्क नहीं देना है, उन्हें सिर्फ परीक्षा फॉर्म भरकर जमा कराना है। कॉलेज अपने छात्रों का फॉम 20 तक विवि में जमा कराएंगे।

### आज से 9 बजे से खुलेगी लाइब्रेरी

लविवि की टैगोर पुस्तकालय 12 अक्तूबर से विद्यार्थियों के लिए सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेगी। बढ़े समय में विद्यार्थी सिर्फ वाचनालय कक्ष का प्रयोग कर सकेंगे।

■ ***इंजीनियरिंग के 8 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट :*** लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में इंजीनियरिंग के 8 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इंफिनिसी सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड में बीटेक कंप्यूटर साइंस की सुजाता यादव, अमृता पांडेय, भास्कर पंत, मोहम्मद आतिफ नईम, संकल्प राय और विकास राठौर व बीसीए के नीलेश कुमार व अदिति राणा का सॉफ्टवेयर डवलपर के पद पर चयन हुआ है, जिनको 3.6 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज दिया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन डॉ. हिमांशु पांडेय, गौरव श्रीवास्तव, पवन राजावत, अंशु सिंह व डॉ. ईशा सिंह द्वारा किया गया।

■ ***केकेसी में पीजी की सीटें खाली :*** केकेसी में एमए हिंदी, इंग्लिश, समाजशास्त्र व अर्थशास्त्र में प्रवेश के लिए कुछ सीटें खाली हैं। प्राचार्या डॉ. मीता साह ने बताया कि इन खाली सीटों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी संबंधित विभागों में संपर्क कर सकते हैं।

■ ***मुक्त विवि में प्रवेश 30 तक :*** राजर्षि टंडन मुक्त विवि में जुलाई सत्र के सभी कोर्सों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्तूबर कर दी गई है। कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने सभी अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों इस बाबत निर्देश दे दिए हैं।

## HINDUSTAN PAGE 8

# एलयू: बीएससी में सीटें आवंटित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश के अन्तर्गत बीएससी गणित एवं बायो के लिए च्वाइस फिलिंग के रिजल्ट अभ्यर्थी के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभ्यर्थी लागइन आईडी का प्रयोग करके अपने एलाटमेंट की जानकारी प्राप्त कर लें एवं ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस 14 अक्तूबर तक जमा कर एलाटमेंट लेटर डाउनलोड कर लें। अपग्रेडेशन चाहते हैं तो सीट कन्फरमेशन के साथ अपग्रेड विकल्प चुनें।

**आठ छात्रों को कैम्पस प्लेसमेंट:** एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में आठ छात्रों का चयन किया गया।

## i-NEXT PAGE IV

# लखनऊ यूनिवर्सिटी में ब्लड डोनेशन कैंप लगा

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (11 Oct):** विधिक सहायता केंद्र लखनऊ यूनिवर्सिटी ने ब्लड कनेक्ट फाउंडेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और केजीएमयू के साथ मिलकर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन न्यू कैंपस में किया. इसका शुभारंभ लॉ डिपार्टमेंट के डीन प्रो. सीपी सिंह ने किया. शिविर में 60 से अधिक लोगों ने ब्लड डोनेशन किया. इस दौरान केजीएमयू की ओर से डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, अजीत प्रताप और उनकी टीम मौजूद रही. इस दौरान डॉक्टर्स की ओर से लोगों को ब्लड डोनेशन के फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई और ब्लड डोनेट करते रहने की अपील की गई.

**ब्लड डोनेशन कैंप में 60 से अधिक लोगों ने किया ब्लड डोनेट**

# लेट फीस संग 18 तक जमा करें फॉर्म

### कॉलेजों को 22 तक इंटरनल मार्क्स की हार्ड कॉपी जमा करनी है

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (11 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने मई-जून में यूजी-पीजी के इवेन सेमेस्टर एग्जाम में शामिल होने से रह गए स्टूडेंट्स को एग्जाम का एक और मौका दिया है. यूनिवर्सिटी ने एक हजार रुपए लेट फीस के साथ 18 अक्टूबर तक एग्जाम फीस जमा करने की डेट बढ़ा दी है. स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एग्जाम फॉर्म भर सकते हैं. सोमवार को यह जानकारी एग्जाम कंट्रोलर प्रो. एएम सक्सेना ने दी. इसके साथ ही स्टूडेंट्स व डिग्री कॉलेजों को ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरकर फीस ऑनलाइन जमा करते हुए इसी रसीद संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष कार्यालय से फारवर्ड करते हुए 20 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से एग्जाम डिपार्टमेंट जमा कराने का आदेश दिया है.

## JAGRAN CITY PAGE I

### सुबह नौ से शाम छह बजे तक खुलेगा टैगोर पुस्तकालय

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में टैगोर पुस्तकालय खुलने और बंद होने के समय में बदलाव कर दिया गया है। 12 अक्टूबर से पुस्तकालय सुबह नौ से शाम छह बजे तक खुलेगा। अभी तक इसका समय सुबह 10 से शाम पांच बजे तक था। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पुस्तकालय के बढ़े हुए समय में छात्र-छात्राओं को सिर्फ वाचनालय कक्ष की सुविधा उपलब्ध होगी। (जासं)

### लोगों ने किया रक्तदान

**लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधिक सहायता केंद्र ने नवीन परिसर में ब्लड कनेक्ट फाउंडेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और केजीएमयू में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के बैनर तले हुए रक्तदान शिविर का उद्घाटन सुबह 11:20 बजे विश्वविद्यालय के विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने किया। (जासं)

### एनसीसी में प्रवेश के लिए फिजिकल टेस्ट 20 को

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस सत्र में एनसीसी के नए प्रवेश के अंतर्गत फिजिकल टेस्ट की तिथि तय कर दी है। विश्वविद्यालय के स्नातक प्रथम वर्ष के जिन अभ्यर्थियों ने एनसीसी को माइनर सब्जेक्ट के रूप में लिया है, उन्हें 20 अक्टूबर को सुबह आठ बजे पहुंचना होगा। अभ्यर्थियों को 20 अक्टूबर से पहले आनलाइन फार्म भरना होगा। (जासं)

### 16 को सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 16 अक्टूबर को दशहरा का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए। (जासं)

## PIONEER PAGE 3

# विलम्ब शुल्क के साथ 18 अक्टूबर तक जमा कर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय प्रशासन ने मई-जून 2021 में यूजी-पीजी कोर्सेज के इवेन सेमेस्टर एग्जाम में शामिल होने से वंचित रह गए स्टूडेंट्स को परीक्षा का एक और मौका देंने का निर्णय लिया है। विवि ने एक हजार रुपए लेट फीस के साथ 18 अक्टूबर तक परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। स्टूडेंट्स वेबसाइट पर जाकर एग्जाम फॉर्म भर सकते हैं।

विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना ने बताया कि स्नातक के इवेन सेमेस्टर जैसे बीए, बीएससी, बीकाम सेकेंड व फोर्थ सेमेस्टर, पीजी, मैनेजमेंट पीजी डिप्लोमा, मैनेजमेंट यूजी, लॉ थ्री इयर व आनर्स, डिप्लोमा, बीकाम आनर्स, बीएससी, एमएससी, बीएससी एवं एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर एवं एग्जेम्प्टेड सेमेस्टर एग्जाम फॉर्म भर सकते है। इसके साथ ही स्टूडेंट्स व डिग्री कॉलेजों को ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरकर फीस ऑनलाइन जमा करते हुए इसी रसीद को संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष कार्यालय से फारवर्ड करते हुए 20 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से एग्जाम डिपार्टमेंट जमा कराने का आदेश दिया है।

**आठ छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट:** इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से 8 अक्टूबर को हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी के 8 स्टूडेंट्स का चयन हुआ है। इन स्टूडेंट्स को इंफिनिसी सॉफ्टवेयर प्राईवेट लिमि., स्वयं इन्फॉवेयर कंपनी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के सुजाता यादव, अमृता पांडेय, भास्कर पंत, मो. आतिफ नईम, संकल्प राय और विकास राठौर और बीसीए के निलेश कुमार और अदिति राणा का सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर 3.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि : अलाटमेंट फीस आज जमा कर लॉक करें सीट

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए (चार वर्षीय प्रोग्राम) का एलॉटमेंट परिणाम अभ्यर्थियों की लॉगइन आईडी पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी लॉगइन आईडी से एलॉटमेंट की फीस 12 अक्टूबर 2021 तक जमा कर सीट लॉक कर दें। यह जानकारी लविवि प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत बीएससी (चार वर्षीय प्रोग्राम) के अभ्यर्थी अपने लॉगइन आईडी से एलॉटमेंट की फीस 14 अक्टूबर 2021 तक जमा करके सीट लॉक कर दें। इसी प्रकार पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत जिन विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं, उन विषयों के अभ्यर्थी लॉगइन आईडी 15 अक्टूबर 2021 तक फीस जमा करके सीट लॉक कर दें।

**टैगोर लाइब्रेरी में दो घंटे बढ़ा वाचन का समय :** लविवि की टैगोर लाइब्रेरी में वाचन के लिए दो घंटे का समय वढ़ा दिया गया है। लाइब्रेरी मंगलवार से प्रातः नौ वजे से शाम छह वजे तक खुली रहेगी। अभी तक यह लाइब्रेरी प्रातः दस वजे से अपराह्न पांच वजे तक ही खुली रहती थी। वढ़े हुए समय में विद्यार्थियों को केवल वाचन की सुविधा ही उपलब्ध रहेगी।

## THE PIONEER PAGE 4

### BLOOD DONATION

Under 'Azadi ka Amrit Mahotsav', Legal Aid Centre at the Faculty of Law, University of Lucknow, organised a blood donation camp in coordination with KGMU, Blood Connect Organisation and District Legal Services Authority on Monday. Earlier, the members of Legal Aid Centre, in coordination with Blood Connect Organisation, had conducted a blood donation awareness programme in every department of the campus. The donors included students from the faculties of Law, Management, Tourism and Engineering. The donors were given away certificates of recognition by KGMU Lucknow.

## AMRIT VICHAR PAGE 2

### बायो और बीएसएसी गणित में सीट आवंटित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 में स्नातक प्रवेश के अन्तर्गत बीएससी गणित एवं बायो के लिए च्वाइस फिलिंग के रिजल्ट अभ्यर्थी के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभ्यर्थी को अपनी लागइन आईडी का प्रयोग करके अपने एलाटमेंट की जानकारी प्राप्त कर लें एवं ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस 14 अक्टूबर तक जमा कर एलाटमेंट लेटर डाउनलोड कर लें।